(ग) इसे रोकने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे)** : (क) और (ख). बिहार सरकार ने उर्वरक (संचलन नियंत्रण) आदेश, 1973 का उल्लंघन करते हुए एक राज्य से दूसरे राज्य में अनधिकृत रूप से उर्वरक ले जाने के एक मामले की सूचना दी है। इस मामले में दो वेगन उर्वरक रांची से गोला पुलू (आंध्र प्रदेश) में ले जाया गया था।

(ग) उर्वरक (संचलन नियंत्रण) आदेश, 1973 के अन्तर्गत संबंधित विक्रेता के विरुद्ध मामला चलाया गया है और उसका पंजीयन प्रमाण-पत्र रद्द कर दिया गया है। एक राज्य से दूसरे राज्य में उर्वरक ले जाने की जांच का कार्य कड़ा कर दिया गया है।

**Scheme for Broadening of National Highways heavy Communication by road Transport and construction of Broadening of bridges on National Highways**

4020. SHRI J. G. KADAM: Will the Minister of SHIPPING AND TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether there is any scheme for broadening the National Highways in the country under the consideration of Government including the heavy communication by road transport and construction and broadening of bridges on these National Highways; and

(b) if so, the progress made upto October, 1973 especially in Maharashtra State and amount spent by Maharashtra State upto October, 1973 and the amount required for completing the work and allotment asked by Maharashtra Government for 1973-74?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI M. B. RANA): (a) Yes Sir, out of the total length of 16000 kms of single lane carriageway at the beginning of the Fourth Plan, the 4th Plan provides for widening to two lanes with/without strengthening in length of about 13000 kms at an estimated cost of Rs. 174.00 crores. Out of this length estimates amounting to Rs. 143 crores covering length of about 9990 kms. have already been sanctioned. The programme of widening will continue in the Fifth Five Year Plan.

The Fourth Plan programme also *inter alia* provides for reconstruction/widening of 2422 major and minor bridges to provide for a road width of 7.5 metres, at an estimated cost of Rs. 78 crores.

(b) Information is being collected and will be laid on the table of the Sabha on its receipt from the Government of Maharashtra.

**राशन की दुकानों से मिलने वाले गेहूं की मात्रा में कमी**

4021. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव :**
**श्री श्रीकृष्ण अग्रवाल :**

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में राशन का कोटा कम कर दिया गया है; और